Experts' Institute
8-D, Kutchery Road Prayagraj. Ph:9415368884
JAVA Comp. Applications
Python Robotics & AI

# Pre Board Examination – 2024-2025

**Class- X**

**HINDI**

*Maximum Marks: 80*

*Time allowed : Three hours*

***Answer to this Paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first 15 minutes .*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.***

***Section A** is compulsory –**All** questions in **Section A** must be answered .*

*Attempt any **four** questions from **Section B** answering at least **one** question each from the **two** books*

*You have studied and **any two** questions from the same books you have studied.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets[ ]*

## SECTION A (40 Marks)

**Attempt all questions from this section**

**Question-1**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :**(15)

(i) "मनुष्य के नैतिक उत्थान का जिम्मेदार परिवार एवं समाज है"– विषय के पक्ष या विपक्ष पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ii) महिलाओं के प्रति बढ़ती दुर्व्यवहार की घटनाओं को रोकने के लिए आपके विचार से क्या उपाय किए जाने चाहिए ? विस्तार से लिखिए।

(iii) 'मनोरंजन के आधुनिक साधनों ने व्यक्ति को घर के अंदर रहने को विवश कर दिया है।' इस विषय पर तर्कसहित अपने विचार लिखिए।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित हो:–
**" घर का भेदी लंका ढाए "।**

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए **अथवा** कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



EXPERTS' INSTITUTE

**Question-2**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :** (7)

(i) अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी को पत्र लिखकर क्षेत्र में बढ़ते अपराधों की ओर ध्यान आकर्षित कीजिए।
(ii) आपके विद्यालय में इस वर्ष ''बाल दिवस'' किस प्रकार मनाया गया, इस संबंध में अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

**Question-3**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासम्भव आपके शब्दों में होने चाहिए :**

भारतवर्ष अपनी आध्यात्मिकता के लिए प्रारंभ से ही प्रसिद्ध है। वैराग्यपूर्ण जीवन, त्याग, तपस्या, बलिदान और संतोष आदि में ही यहाँ के निवासियों ने परम शांति का अनुभव किया है। उनकी दृष्टि में भौतिकवाद एक हास्यास्पद एवं हेय विषय था। उनके सिद्धान्त थे– ब्रह्म ही सत्य और जगत मिथ्या है। हे ईश्वर ! यह सब कुछ तुम्हारा ही है, अतः तुम्हें ही अर्पण है। उनकी दृष्टि में शारीरिक शक्ति, आत्मिक शक्ति के समक्ष नगण्य थी। शरीर नाशवान है, फिर नाशवान वस्तु के लिए सुख और शांति का प्रश्न ही क्या ? अहिंसा के महत्व को समझने वाले भारतीय मनीषियों को हिंसा की आवश्यकता ही नहीं थी। वे तमोगुण से दूर, सतोगुण के स्वामी थे। सैनिक शिक्षा एवं हिंसा वृत्ति का घनिष्ठ संबंध होने के कारण सैनिक शिक्षा, जनसामान्य के लिए वर्जित थी। यह केवल शासक तथा शासक वर्ग तक ही सीमित थी। वे युद्धकला में पारंगत थे तथा राष्ट्र के सम्मान के लिए प्राणों का बलिदान कर देते थे किन्तु देश की जनता का बड़ा भाग धर्मभीरू था। दया, अहिंसा, क्षमा आदि ही उसके प्रधान गुण थें। सैनिक शिक्षा की बची प्रवृति भी शनैः–शनैः धर्माचरण की प्रबलता के कारण समाप्त हो गई।

धर्म–युग समाप्त हुआ। वर्तमान युग परमाणु युग है। चारों ओर हाहाकार और युद्ध की विभीषिकाएँ ही सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रही हैं। एक राष्ट्र बलात् दूसरे का अपने आधिपत्य में करना चाहता है। बड़े–बड़े कूटनीतिज्ञ रात–दिन इसी बात का चिन्तन करते है कि दूसरे राष्ट्रों को कैसे नीचा दिखाया जाए। हिरोशिमा तथा नागासाकी के रोमांचकारी विध्वंसात्मक दृश्यों ने विश्व की शिराओं मे सिहरन पैदा कर दी है। प्रत्येक राष्ट्र केवल अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए प्रयत्नशील है। अनेक बलिदान, साधना और तपस्या के बाद हमने स्वतंत्रता प्राप्त की है।

(i) प्राचीन भारत की विशेषताएँ बताइए। (2)
(ii) भौतिकता के विषय में भारतीय मनीषियों के क्या विचार थे ? (2)
(iii) सैनिक शिक्षा के बारे में उस युग के विद्वानों के क्या विचार थे ? (2)
(iv) वर्तमान युग की परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। (2)
(v) विश्व में सिहरन पैदा होने के क्या कारण थे एवं आज प्रत्येक राष्ट्र किस हेतु प्रयासरत है ? (2)

**Question-4** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :–

**(i)** 'अथ' का विलोम लिखिए – (1)
(a) अर्थ
(b) एति
(c) इति
(d) अनर्थ

**(ii)** 'गंगा' का पर्यायवाची लिखिए – (1)
(a) मंदाकिनी–सुरनदी
(b) कालिंदी–देवनदी
(c) सरिता–सुरसरि
(d) रविसुता–भागीरथी

**(iii)** 'विषम' की भाववाचक संज्ञा लिखिए– (1)
(a) वैषमय
(b) विषमता
(c) विषमपन
(d) विषमताई

EXPERTS' INSTITUTE

**(iv) 'वेद' का विशेषण लिखिए–** (1)

(a) विदुषी
(b) वेदान्त
(c) वैदिक
(d) वेदमय

**(v) 'पदर्शिनी' का शुद्ध रूप लिखिए–** (1)

(a) पृदर्शनी
(b) प्रदर्शनी
(c) परदर्शनी
(d) प्रदशर्नी

**(vi) 'पापड़ बेलना' मुहावरे का अर्थ लिखिए–** (1)

(a) कायरता दिखाना
(b) काम बिगाड़ देना
(c) अपना नुकसान करना
(d) संघर्ष करना

**(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य लिखिए–** (1)

इस बार वर्षा न होने के कारण फसलें सूख गई। (रेखांकित वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द का प्रयोग– किस विकल्प में हुआ है।)

(a) इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण फसलें सूख गई।
(b) इस वर्ष अनावृष्टि के कारण फसलें सूख गई।
(c) इस वर्ष अपवृष्टि के कारण फसलें सूख गई।
(d) इस वर्ष अवृष्टि के कारण फसलें सूख गई।

**(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य लिखिए–** (1)

ये सेब बहुत मीठे हैं। ('ये' के स्थान पर 'इन' का प्रयोग करें)

(a) इन सेबों में बहुत मिठास है।
(b) इन सेब मीठे हैं।
(c) इन सेबों में बहुत मिठास थी।
(d) इन सेब में बहुत मीठें हैं।

## SECTION B

*(Attempt four questions from this Section.)*

*(You must answer at least one questions from each of the two books you have studied any two other questions.)*

### साहित्य सागर– संक्षिप्त कहानियाँ

**Question-5**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

"क्या सोचते हो सेठ ? बोलो राजी हो ?" धन्ना सेठ की पत्नी ने पूछा। सेठ ने खिन्न होकर कहा,"सेठानी जी, हँसी छोड़िए। काम की बात कीजिए।"

(i) 'बोलो राजी हो ?'–धन्ना सेठ की पत्नी के कथन का क्या आशय था ? (2)
(ii) सेठानी जी हँसी छोड़िए'– सेठ ने ऐसा क्यों कहा ? (2)
(iii) धन्ना सेठ की पत्नी ने सेठ से किस काम को महायज्ञ बताया तथा क्यों ? (3)
(iv) सेठानी ने सच्चे यज्ञ की क्या पहचान बताई ? (3)

EXPERTS' INSTITUTE

**Question-6**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :**

**'बस पाँच सौ ! इतनी सी रकम देकर, आप मेरा अपमान कर रहे हैं।'**

(i) वक्ता कौन है ? इतनी–सी रकम से उसका क्या आशय था ? (2)

(ii) वक्ता की बात सुनकर रसीला ने क्या समझ लिया ? उस संबंध में वह क्या सोचने लगा ? (2)

(iii) रसीला ने यह बात किसे बताई ? रसीला की बात सुनकर उसने क्या कहा ? (3)

(iv) वक्ता ने रसीला से क्या लाने को कहा और उसे देखकर वे क्यों चौंक उठे ? (3)

**Question-7**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :**

**श्रीकंठ इस अंग्रेजी डिग्री के अधिपति होने पर भी पाश्चात्य सामाजिक प्रथाओं के विशेष प्रेमी न थे ।**

(i) श्रीकंठ सिंह ने कौन–सी डिग्री प्राप्त की थी? इसका उनके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ा था? (2)

(ii) दशहरे के दिनों में वे प्रायः कौन–सा काम किया करते थे ? (2)

(iii) उनकी प्रकृति का प्रधान अंग क्या था ? (3)

(iv) गाँव की ललनाएँ उनकी निंदक क्यों थी ? (3)

## साहित्य सागर–पद्य भाग

**Question-8**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :**

धर्मराज यह भूमि किसी की
नहीं क्रीत है दासी
है जन्मना समान परस्पर
इसके सभी निवासी।
सबको मुक्त प्रकाश चाहिए
सबको मुक्त समीरण
बाधा रहित विकास, मुक्त
आशंकाओं से जीवन।

(i) प्रस्तुत कविता में किसे धर्मराज कहा गया है ? उन्हें क्या समझाया जा रहा है ? (2)

(ii) धरती पर रहने वाले सभी समान क्यों हैं ? स्पष्ट कीजिए । (2)

(iii) धरती के निवासियों को अपना जीवन निर्वाह करने के लिए क्या–क्या चाहिए ? (3)

(iv) "बाधा रहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन"–पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। (3)

**Question-9**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :**

पानी बाढ़े नाव में , घर में बाढ़े दाम।
दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम।।
यही सयानो काम, राम को सुमिरन कीजै।
पर–स्वारथ के काज, शीश आगे धर दीजै।।
कह 'गिरिधर कविराय', बड़ेन की याही बानी।
चलिए चाल सुचाल, राखिए अपना पानी।।

(i) गिरिधर कविराय ने 'सयानो काम' किसे कहा है ? (2)

(ii) 'नाव में पानी' और 'घर में धन' बढ़ जाने पर हमें किस प्रकार का आचरण करना चाहिए। (2)

EXPERTS' INSTITUTE

(iii) 'बडेन की याही बानी' से कवि का संकेत किस ओर है ? (3)

(iv) शब्दार्थ लिखिए: (3)

**बाढ़ै, दाम , सुमिरन, बानी, सुचाल, शीश**

**Question-10**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए**

**पाहन पूजै हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार।**
**ताते ये चाकी भली, पीस खाय संसार।।**
**गुरू गोबिंद दोऊ खड़े काके लागूँ पायँ।**
**बलिहारी गुरू आपनो, जिन गोबिंद दियो बताय।।**

(i) 'पाहन पूजै हरि मिले' शीर्षक दोहे में कबीर ने किस आडंबर का विरोध किया है। स्पष्ट कीजिए। (2)

(ii) 'गुरू का स्थान भगवान से ऊँचा है' यह बात दोहे से कैसे स्पष्ट होती है ? (2)

(iii) कवि का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (3)

(iv) शब्दार्थ लिखिए: (3)

**बलिहारी, पाहन, पहार, चाकी, दोऊ, पायँ**

EXPERTS' INSTITUTE